राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 9 : ग्रंथालय सामग्री की व्यवस्था : अवधारणा, आवश्यकता वउद्देश्य

कार्यपत्रक - 9

1. 'ग्रंथालय सामग्री की व्यवस्था अवधारणा, आवश्यकता और उद्देश्य' विषय पर लगभग 1000 शब्दों में एक निबंध लिखिए।
2. किसी स्थानीय ग्रंथालय में जाइए और वहाँ उपलब्ध विभिन्न प्रकार की मुद्रित सामग्री की सूची बनाइए।
3. आप जो समाचार-पत्र पढ़ना पसंद करते हैं, उसकी विशेषताओं और संपादकीय लेखों का उल्लेख कीजिए।
4. एक ग्रंथालयाध्यक्ष के रूप में आप किसी ग्रंथालय सामग्री को व्यवस्थित करने के लिए क्या कदम उठाएँगे?
5. सूचना एवं संचार तकनीक आज के विश्व के महत्वपूर्ण आयामों में से एक है। इसने समाज को सूचना-समाज में परिवर्तित कर दिया है। यह परिवर्तन आधुनिक ग्रंथालयों में भी परिलक्षित होता है। इस कथन के समर्थन में तर्क दीजिए।
6. ग्रंथालय के उपयोगकर्ता ग्रंथालयों पर भरोसा करते हैं जो शिक्षण, सीखने और ज्ञान के प्रसार के समर्थन में जानकारी उपलब्ध कराते हैं, जोकि ग्रंथालयों के अस्तित्व का मूलभूत आधार हैं।' इस कथन के समर्थन में तर्क दीजिए।
7. सात दिन के लिए आपको एक ग्रंथालय का प्रभारी बनाया गया है। आप ग्रंथालय के लिए विभिन्न मुद्रित/गैर मुद्रित सामग्री व ई-संसाधनों की खरीद हेतु प्राथमिकता तय करते हुए और उसका कारण बताते हुए दो लाख रुपए का बजट तैयार कीजिए।
8. कोई ऐसा समाचारपत्र पढ़िए जो केवल 'वेब' आधारित संस्करण है। उस तिथि विशेष के संपादकीय अनुभाग के बारे में वर्णन कीजिए।
9. आप किसी समाचारपत्र के संपादक को उसकी विषयवस्तु में और सुधार हेतु क्या सुझाव देना चाहेंगे?
10. "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020" को पढ़िए और इसमें परिकल्पित ग्रंथालयों की भूमिकाव इसे और सशक्त बनाने के बारे में उल्लेख कीजिए।